'ऊर्जा के क्षेत्र में कोयले की निर्भरता को कम करने का प्रयास तेज होना चाहिए'

■ कचरे से बनाई जा रही गैस व पेलेट्स, सरकार भी कर रही मदद

कोटा, (निसं)। देशभर में ऊर्जा के क्षेत्र में कोयले की निर्भरता को कम करना, प्रदूषण को कम करने और नई तकनीक के साथ गैस और पेलेट्स के माध्यम से ईंधन उपलब्ध कराए जाने को लेकर देशभर में अभियान चलाया जा रहा है, उसी के तहत देशभर के ऊर्जा विशेषज्ञ एवं व्यवसाईयों का एक दिवसीय सेमिनार कोटा में शनिवार को रानपुर में आयोजित किया गया।

इस सेमिनार में देशभर के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें भारत सरकार से लेकर ऊर्जा विभाग एवं ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने वाले 10 विशेषज्ञ शामिल हुए, साथ ही उद्योगपति और किसानों ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष में कोयले, गैस, पेट्रोल की निर्भरता को कम करना और अन्य सोर्स पर कार्य करने के लिए व्यवसाईयों और कम्पनियों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम संयोजक अंशुल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सार्विक दास कश्यप, सोनाली बायोगैस प्राइवेट लिमिटेड, अभिनव कुमार दिल्ली, समर्थ मिशन एनटीपीसी, रोशन लाल रंगा, नेपियर, फार्मिंग विशेषज्ञ, महेंद्र गुप्ता क्रिएटिव एनर्जी, पुलकित नागपाल, यूनिवर्सल पवार दिल्ली, राजेन्द्र एमएसडब्ल्यू, हनुमान मथुरिया, अर्पित विजय सहित कई लोग कोटा पहुंचे और उन्होंने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी वहीं इस कार्य में आ रही समस्या के समाधान, सरकार की सब्सिडी, नई तकनीक सहित कई विषय पर मंथन किया और आगे कोयले की निर्भरता को कम करने पर जोर दिया। कोटा नगर निगम का कचरा भी बेहद उपयोगी- अंशुल जैन ने बताया कि खेतों में जलाई जा रही पराली का इस्तेमाल पेलेट्स बनाकर ईंधन की पूर्ति की जा रही है। इसके साथ ही सरसों की टूडी, सोयाबीन, कोटन की टूडी, मूंगफली के छिलके, लकड़ी का बुरादा, बेम्बू सहित कई वेस्ट मेटेरियल से पलेट्स व अन्य कचरे से गैस बनाई जा रही है जो बेहद ही उपयोगी साबित हो रही है। कोटा नगर निगम में लगे कचरे के ढेर भी बेहद उपयोगी हो सकते हैं। पराली और कोयल से प्रदूषण हो रहा है, ऐसे में यदि पराली जलाने से बेहतर है कि इसका उपयोग ईंधन बनाने में किया जाए तो लोगों को रोजगार भी मिलेगा और प्रदूषण से भी बचा जा सकता है ।

उपभोक्ता क्लब के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, कोटा के उपभोक्ता क्लब के तत्वावधान में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय ''आभासी सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुँच'' रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरुण कुमार ने की। उन्होने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकार के प्रति जागरुक होना आवश्यक है। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता पंकज शर्मा, चेयरमेन, राज्य उपभोक्ता परामर्श केन्द्र, राजस्थान ने युवा शक्ति को जागरुक करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के बारे में बताया। उन्होने समाना खरीदने पर बिल लेने के महत्व को बताया साथ ही उपभोक्ताओं को विभिन्न कानूनों एवं अधिकारो की जानकारी दी।कार्यक्रम के द्वितीय वक्ता उपभोक्ता महासंघ के अध्यक्ष यज्ञदत्त हाड़ा ने मिलावट की पहचान करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के नियामों की जानकारी दी।

तृतीय वक्ता राजकीय महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ. कविता शर्मा ने विद्यार्थियों को बीआईएस एप्प की जानकारी दी और वर्चुअल हियरिंग के माध्यम से हम शिकायत कैसे दर्ज कराते है उसके प्रोसेस को बताते हुये ई-दाखित वेबसाईट के बारे में बताया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेरे पक्षकार महावीर सिंह राजावत आत्मज स्व. प्रभूसिंह राजावत जाति राजपूत निवासी-जयकारा मेडिकल के सामने, सबिना किराना स्टोर के पास, बालिता रोड, कुन्हाडी कोटा राज. की और से एवं उनके निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मेरे पक्षकार के पुत्र महेन्द्र सिंह राजावत उर्फ मोन्टी एवं पुत्रवधू संजू राठौड हाल निवासी-केअर आफ प्रेमचन्द सुमन का मकान स्वागत कॉलोनी बालिता रोड कुन्हाडी कोटा राज. का है। जिनके चाल चलन एवं व्यवहार के कारण मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र महेन्द्र सिंह राजावत उर्फ मोन्टी एवं पुत्रवधू संजू राठौड को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी सम्बन्धों को समाप्त कर लिया है, जिस कारण कोई भी पक्षकार मेरे बिहाफ पर उसके पुत्र महेन्द्र सिंह राजावत उर्फ मोन्टी एवं पुत्रवधु संजू राठौड से कोई संव्यवहार नहीं करें, अन्यथा वह स्वयं की जोखिम व जिम्मेदारी पर होगा, जिसमें मेरे पक्षकार का कोई दायित्व नहीं रहेगा। सूचित हो।

कोटा-
दिनांक-21.12.24

भवदीय
निर्भय सिंह खींची एडवोकेट
मो. 9352892419

पश्चिम मध्य रेल
मुख्य कारखाना प्रबन्धक
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित करते है: - **टेण्डर सं.** -M-324-2-6-ISO3834-Ten01RE दिनांक 18.12.2024, **कार्य का विवरण** -माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में दस्तावेजों की समीक्षा, ऑडिट, प्रमाणन एवं सर्विलांस ऑडिट सहित "WQMS(ISO 3834) का नवीनतम संस्करण के साथ पुनः प्रमाणन। **अनुमानित लागत रू. में-** रुपये 1,39,240.00/-**निविदा प्रपत्र राशि रू. में** - Nil, **बयाना राशि रू. में** -रू. 2,800.00/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** -39 माह, **निविदा बंद / खोलने की तारीख और समय** - बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 09.01.2025 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक 09.01.2025, ई - निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें । इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे । यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-I
मा.डि.म. कारखाना, कोटा जं.

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

बच्चों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाया फर्नीचर

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ की ओर से लगातार सामाजिक सरोकार के कार्य निरंतर जारी हैं। इन्हीं सेवा कार्यों के तहत स्कूली बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को क्लब द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चन्द्रेसल कोटा में कक्षा 6 के विद्यार्थियों को क्लब के सदस्यों अक्षय अग्रवाल, हेमलता गुप्ता, ओम जैन एवं वर्षा अग्रवाल के सहयोग से फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया। सुरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्य समाज सेवा के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका में प्रयासरत है एवं आगे भी आवश्यकता अनुसार सेवा कार्यों में सहयोग करता रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उजियार घर-घर पहुंचे और स्कूल में किसी भी सुविधा से बच्चे वंचित नहीं रहे ऐसा प्रयास किया जा रहा है। बच्चों को उचित सुविधा मिलेगी तो शिक्षा बेहतर तरह से हो सकेगी और बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। विद्यालय प्रधान नवीन कुमारी अरोड़ा ने सभी सदस्यों अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव सूद, चंदन गोयल, हेमलता गुप्ता, विश्वनाथ सक्सैना का स्वागत किया।

'रक्तदान को हर घर अभियान बनाना है'

कोटा, (निसं)। वर्तमान में रक्त की कमी के चलते जरूरतमंदों की मदद हेतु रुधिरा ब्लड बैंक व टीम मंजूश्री स्नेह संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में झालावाड़ झालरापाटन व आसपास के क्षेत्र में घर-घर रक्तसंग्रह अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है मंजूश्री संस्थान के अजय मोमिया ने बताया कि आप सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं तथा क्षेत्र के कॉलोनी वासियों से निवेदन किया जा रहा है कि रक्तदान को बढ़ावा देने हेतु अपनी संस्थाओं तथा कॉलोनी वासियों के माध्यम से छोटी सी टीम बनाकर रक्तदान कर सकते है जिसमें आपकी कॉलोनी में ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रह करने के लिए आ जाएगी, उसके लिए आपको किसी भी प्रकार का खर्च करने के जरूरत भी नहीं होगी।

कोटा महोत्सव आयोजित

कोटा, (निसं)। कोटा महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में 23 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक स्थानीय कलाकारो की प्रस्तुतियों के तहत शहर की संगीत जगत में प्रसिद्ध संस्था सृजन द स्पार्क की कोटा शाखा द्वारा ''चम्बल सा रे गा मा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम की पूरी रूप रेखा सृजन दी स्पार्क के अध्यक्ष डॉ.विजय सरदाना द्वारा तैयार की जा रही है। इसमे शहर के प्रसिद्ध गजल गायक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त रोशन भारती द्वारा गजल प्रस्तुति दी जा रही है। सुरेन्द रावल, तुलसीदान वर्मा, डॉ.विजय सरदाना, शहर की सुप्रसिद्ध बेटी बचाओ बेटी पढाओ की ब्रांड एम्बेसेडर आस्था सक्सेना, गोविंद माहेश्वरी, बृजेश दाधीच संगीता सक्सेना, रितु जोशी एवं डॉ.पुनीता श्रीवास्तव द्वारा अपने सुमधुर गीतो की प्रस्तुति देंगे। सृजन द स्पार्क के संस्थापक पूर्व आईजी प्रसन्न कुमार खमेसरा भी उपस्थित रहेगें। इसके साथ ही राजकपूर साहब 100वीं जयंती के अवसर पर अजय जैन, राजीव मलहौत्रा एंव गोविंद माहेश्वरी द्वारा मुकेश के गीतो की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके अतिरिक्त कोटा शहर की कलाकार रिद्धी सोमानी, शिष्या संगीता झंवर द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति भी देंगी। सांयः 6.00 बजे से सुभाष कला संगम कोटा की कलाकार सोसाइटी द्वारा राजकपूर के गीतो, संगीत, नाट्य, अभिनय एंव नृत्य की जीवंत प्रस्तुतियों दी जायेगी। इसके अतिरिक्त सर्वेशवरी रानीवाला, अध्यक्ष बाधित बाल विकास केन्द्र द्वारा मूक बधिराध उच्च माध्यमिक विद्यालय के बधिर छात्रो द्वारा शोर्य घाट चम्बल रिवर फ्रंट पर पिरामिड फोरमेशन बनाई जायेगी।

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांकः-ननिकोउ/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/11054 दिनांकः 18.12.24

स्वामित्व हस्तान्तरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मीनाक्षी वर्मा पुत्री स्व. श्री प्रमोद कुमार वर्मा एवं नेहा वर्मा पुत्री स्व. श्री प्रमोद कुमार वर्मा निवासी आवास संख्या जे-3 अम्बेडकर कालोनी कुन्हाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा उत्तर में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या जे-3 अम्बेडकर कालोनी कुन्हाड़ी कोटा क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या जे-3 अम्बेडकर कालोनी कुन्हाड़ी कोटा क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर का नियमितिकरण राजस्थान आवासन मंडल कोटा वृत कोटा द्वारा नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक ले/आ/वसूली/6181 दिनांक 27.02.1999 से श्री राजेन्द्र कुमार गालव पुत्र श्री नन्द किशोर के नाम किया गया। श्री राजेन्द्र कुमार गालव ने उक्त आवास जर्ये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 17.06.1999 से श्री प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र श्री मदन लाल वर्मा को विक्रय कर दिया। श्री प्रमोद कुमार वर्मा का देहावसान दिनांक 26.03.2023 को हो जाने के उपरांत श्री प्रमोद कुमार वर्मा के विधिक वारिसान श्री प्रशांत कुमार वर्मा पुत्र स्व. श्री प्रमोद कुमार वर्मा एवं श्रीमती प्रतिभा वर्मा पुत्री स्व. श्री प्रमोद कुमार वर्मा पत्नी श्री चिंतन मेघवंशी ने जर्ये रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 29.03.2024 से उक्त आवास में से स्वयं का हक मीनाक्षी वर्मा पुत्री स्व. श्री प्रमोद कुमार वर्मा एवं नेहा वर्मा पुत्री स्व. श्री प्रमोद कुमार वर्मा के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदिकाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा उत्तर में उक्त आवास के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने की किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त आवास से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

विद्यालय में बच्चों को जर्सीयां वितरित की

बूंदी। जैन सोशल ठ्रुप बूंदी के द्वारा आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गणेशपुरा (नयागांव) में विद्यालय में पढने वाले कक्षा प्रथम से आठवीं तक के सभी बच्चों को सर्दी से बचने के लिए निशुल्क जर्सियों का वितरण किया गया।

जैन सोशल ठ्रुप बूंदी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन सरोज लुहाड़िया एवं विपिन प्रियंका गोधा ने बताया जैन सोशल ठ्रुप प्रत्येक वर्ष सर्दियों में विभिन्न स्कूलों में हेल्पिंग हैंड कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को जर्सियां एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को वूलन कपड़े वितरण का कार्य करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष योगेंद्र एकता कासलीवाल एवं मंत्री सुरेंद्र संगीता छाबड़ा स्कूल विद्यालय समिति के अध्यक्ष सौरभ मीणा एवं स्कूल प्रधानाचार्य कुसुम गोस्वामी ने सरस्वती माता के दीप प्रजनन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष योगेंद्र जैन ने जैन सोशल ठ्रुप के द्वारा करवाए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों का जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुनील पापड़ीवाल, योगेश गंगवाल ,रोबिन दीक्षिता कासलीवाल जितेन्द्र सपना बाकलीवाल सहित स्कूल के श्रीमती वृषभानुजा गौतम, श्रीमती कमलेश शर्मा श्रीमती सोनल शर्मा सहित विद्यालय में ठ्रामीण महिला पुरुष एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम के प्रभारी विपिन गोधा एवं पवन लुहाड़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

5 स्कूलों में लगवाए स्मार्ट बोर्ड

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से सामाजिक सरोकार में विद्यार्थियों को तकनीक से जोड़ रहा है। इस मुहिम के तहत विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा द्वारा संचालित रावतभाटा संकुल के सभी विद्यालयों में एलन की ओर से लगे स्मार्ट बोर्ड और कंप्यूटर लगवाए जा रहे हैं। रावतभाटा संकुल के भैंसरोडगढ़, मउपुरा, रावतभाटा एवं चारभुजा स्थित पांच विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड क्लासों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अतिथि एलन के चीफ़ कॉमर्शियल ऑफिसर सीए ललित माहेश्वरी तथा समाजसेवी ईश्वरलाल माहेश्वरी, जिला सचिव सतीश कुमार गौतम रहे। भैसोड़गढ़, मउपुरा, रावतभाटा, झालर बावड़ी, एकलिंगपुरा विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड एवं भैसरोडगढ़ विद्यालय में पांच कंप्यूटर दिए। विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड की सुविधा से विद्यार्थी खुश नजर आए। कई अभिभावकों ने इस पहल की सहराना की और बताया कि विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट बोर्ड का विशेष योगदान मिलेगा। इस अवसर पर रावतभाटा प्रबंध समिति से अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, सचिव रामरतन गुप्ता, प्रमिला पुरोहित, आशा व्यास, ओमप्रकाश भांबी, मउपुरा विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव, भैंसरोड़गढ़ विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार भट्ट, सचिव रोहित कुमार जैन, कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह राणावत उपास्थित रहे।

सांस्कृतिक उत्सव 'कोटा महोत्सव' 23 से 25 तक

■ 23 से 25 दिसम्बर तक चंबल रिवर फ्रंट, विजयश्री रंगमंच व केएसटी पर होंगे कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। हाड़ौती का अनूठा सांस्कृतिक उत्सव ''कोटा महोत्सव'' बस एक दिन बाद धरातल पर उतरने वाला है। 23 से 25 दिसंबर तीनों दिन इस महोत्सव की धूम रहेगी। सुबह से लेकर रात तक नानाविध आयोजनों की झड़ी लगेगी और कोटावासी इनका भरपूर लुत्फ उठा सकेंगे। गणेश वंदन के साथ शुरू होने वाले कोटा महोत्सव के खास आकर्षण होंगे चंबल महाआरती, दीपदान, परम्परागत साफा पहने हुए जन समूह द्वारा भव्य हेरिटेज वॉक, कचोरी फेस्ट, प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुतियां, कोटा डोरिया फैशन शो, कोटा क्वीन प्रतियोगिता एवं अनोखी पतंगबाजी। इनके अलावा तीनों दिन ख्यातनाम कलाकार सेलिब्रिटी नाइट्स में अपना जादू बिखेरेंगे। महोत्सव के प्रथम दिन 23 दिसम्बर को खड़े गणेशजी मंदिर से गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम प्रातः 9 बजे शुरू होगा। यहां फूल बंगला, श्रृंगार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 10 बजे से चंबल रिवर फ्रंट शौर्य घाट पर करियर फेयर, फूड कोर्ट, फोटो एग्जिबिशन, क्राफ्ट बाजार, अमृता हाट, लघु उद्योग मार्ट, पेंटिंग वर्कशॉप शुरू होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी जिसमें सृजन द स्पार्क समूह द्वारा संगीत से कार्यक्रम को सजाया जाएगा। शाम 4 बजे चंबल महाआरती एवं दीपदान से आकर्षक नजारा देखने को मिलेगा। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा कई दिन से आटे के दीपक तैयार किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के साथ विभिन्न संगठनों की भागीदारी से होने वाले ''कोटा महोत्सव'' को भव्य रूप देने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी से अपील की है कि अधिकाधिक भागीदारी के साथ आयोजनों को सफल बनाएं और परंपरागत साफा पहनकर कोटा की विरासत से जुड़ें। दूसरे दिन 24 दिसंबर को भव्य हेरिटेज वॉक मथुराधीश मंदिर गढ़ पैलेस से रामपुरा कोतवाली तक निकल जाएगी और समापन पर कचोरी फेस्ट का आयोजन किया जाएगा जिसमें संभागियों को कोटा की स्वादिष्ट कचोरी खिलाई जाएगी। दोपहर 12 बजे से चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर शहर के विभिन्न निजी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के मध्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं शाम 4 बजे फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

हत्या के छह दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

■ पदयात्रा सोमवार शाम करणपुर पहुंचेगी

कोटा, (निसं)। जिला एवं सेशन न्यायालय ने युवक के हत्या के करीब ढाई साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुए छह आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला एवं सेशन न्यायालय के न्यायाधीश ने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए तीन महिलाऐं सहित छह दोषियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने बताया कि जिला एवं सेशन न्यायालय ने हत्या के मामले में आरोपी बद्रीलाल, प्रेमबिहारी, दिलीप, घीसी बाई, टीना बाई, और रीना बाई को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने बताया कि 28 मई 2022 को चरेल गांव निवासी फरियादी ओमप्रकाश ने एमबीएस अस्पताल में तहरीर रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 27 मई 2022 को वह और उसका भाई रमेश अपने खेत पर नींव खोद रहे थे। उसी दौरान बद्रीलाल, उसका बेटा प्रेमबिहारी, दिलीप, घीसी बाई टीना बाई रीना बाई व अन्य कुछ जने आये और नींव खोदने के विवाद को लेकर बद्रीलाल प्रेमबिहारी दिलीप व अन्य ने दोनों भाईयों पर धारदार हथियार से हमला कर भाग गये। रिपोर्ट में कहा कि हमले में घायल दोनो को उपचार के लिए बारां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों कोटा रैफर किया गया। जहां ईलाज के दौरान रमेश की मौत हो गई। पुलिस ने ओमप्रकाश की रिपोर्ट पर हत्या की धारा 302 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की। न्यायालय में चली सुनवाई के बाद न्यायालय छह आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।